**Dainik Bhaskar (12.03.2016)**


# फरीदाबाद

dainikbhaskar.com दैनिक भास्कर, फरीदाबाद शनिवार 12 मार्च, 2016


एलीमेंट्स कलमायका 2016

## संगीत पर जमकर थिरके स्टूडेंट्स




वार्षिकोत्सव का पहला दिन पूरी तरह से 'सृजन' क्लब के कला-कृतियों के नाम रहा। वाईएमसीए विश्वविद्यालय को उत्सव के रंग के रंगने में 'सृजन' की लगभग 70 सदस्यीय टीम की दो महीने की कड़ी मेहनत लगी है। वर्ष 2050 के थीम पर आधारित कृतियां में मुख्य आकर्षण हॉलीवुड एवं एनीमेटिड फिल्मों के मशहूर किरदार रहे। **विस्तृत खबर पेज | 9 पर**

**Dainik Bhaskar (12.03.2016)**


# एलीमेंट्स कलमायका 2016 का आगाज

## संगीत की धुनों पर छात्रों से लेकर शिक्षक व कर्मचारी जमकर थिरके

**भास्कर न्यूज | फरीदाबाद**

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2016' का आगाज हुआ। उत्सव की शुरूआत हवन से हुई। इसमें सभी क्लबों के प्रतिनिधियों एवं प्रभारियों के अलावा डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. अग्रवाल, सांस्कृतिक मामलों की अध्यक्ष डॉ सोनिया बसंल और तकनीकी मामलों के अध्यक्ष डॉ वासुदेव मल्होत्रा भी शामिल हुए। इसके बाद, 'फ्लैश मॉब' का आयोजन किया गया।

विवेकानंद मंच के सौजन्य से आयोजित यह एक चौंकाने वाला इवेंट था। इसमें डीजे की धुन पर जैसे से छात्र जमकर थिरके। लगभग आधे घंटे तक बिना रूके डीजे की संगीत धुनों पर छात्रों से लेकर शिक्षक व कर्मचारी थिरकते नजर आए। वार्षिकोत्सव का पहला दिन पूरी तरह से 'सृजन' क्लब के कला-कृतियों के नाम रहा। वाईएमसीए विश्वविद्यालय को उत्सव के रंग के रंगने में 'सृजन' की लगभग 70 सदस्यीय टीम की दो महीने की कड़ी मेहनत लगी है। वर्ष 2050 के थीम पर आधारित कृतियां में मुख्य आकर्षण हॉलीवुड एवं एनीमेटिड फिल्मों के मशहूर किरदार रहे। इनमें आयरमैन, रोबोकोप, मिनियन्स शामिल हैं। हॉलीवुड के ही एक किरदार 'थोर के हथौड़ा' भी सबके




**फरीदाबाद.** वाईएमसीए कालेज में कलमायका 2016 के अवसर पर डांस कर मस्ती करते छात्र एवं छात्राएं।

आकर्षण का केन्द्र रहा। पूरे दिन सभी इसे उठाने की मशक्कत करते नजर आए। उत्सव के लिए सृजन क्लब द्वारा लगाई गई अंतरंग कला प्रदर्शनी में इंजीनियरिंग के छात्रों की रचनात्मक सोच की झलक देखने को मिलती है। इस प्रदर्शनी में लगाई गई कृतियों को चारकोल एवं स्केच से बनाया गया है। प्रदर्शनी मुगल, मधुबनी तथा अमूर्त चित्रकारी का अनूठा संगम देखने को मिलता है। इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से संबंध रखने के बावजूद छात्रों की कला के प्रति रचनात्मक सोच में कोई कमी नहीं है। कार्यक्रमों में कवि सम्मेलन प्रमुख रहा। सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि मुकेश कुमार सिन्हा व यासीन अनवर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शायरी नज्में पढ़ी। मुकेश कुमार ने अपनी कविता 'कवि की डायरी' से कुछ पंक्तियां सुनाईं। इसमें उन्होंने एक परिपक्व



डांस कर मस्ती करते छात्र एवं छात्राएं।

कवि के जीवन में काव्य शैली के विभिन्न दौर को अपनी कविता के माध्यम से बयां किया। वाईएमसीए के पूर्व छात्र रहे साहिल मनचंदा ने भी अपनी शायरी से कार्यक्रम को रोचक बनाया।

**Hindustan Hindi (12.03.2016)**


हिन्दुस्तान

फरीदाबाद LIVE

शनिवार, 12 मार्च 2016




मस्ती

## वाईएमसीए में कलमायका उत्सव का आगाज

- दिल्ली-एनसीआर के अलावा अन्य जिलों से करीब पचास कॉलेज और यूनिवर्सिटी के छात्र कर रहे शिरकत
- मैकनेक्सट क्लब द्वारा रोबो रेस आयोजित की गई। इस क्लब ने स्क्रैप वस्तुओं से एक रोबोट भी तैयार किया है
- टेक्नीकल व कल्चरल प्रतियोगिता के पहले दिन करीब पंद्रह प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया
- छात्रों का फ्लैश मॉब एक सरप्राइजिंग इवेंट था। इसके दौरान छात्रों संग प्रोफेसर और कर्मचारी भी डीजे पर थिरकते नजर आए।

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के वार्षिकोत्सव कलमायका फेस्ट के शुभारंभ पर शुक्रवार को छात्राओं ने फ्लैश मॉब के दौरान धमाल मचाया। • सुभाष शर्मा

**Dainik Jagran (12.03.2016)**

फरीदाबाद

जागरण सिटी

दैनिक जागरण | नई दिल्ली 12 मार्च 2016

# कलमायका का आगाज



वाईएमसीए विश्व विद्यालय में शुक्रवार को कलमायका उत्सवके दौरान फ्लैश मॉब में जुटी छात्राएं।

जागरण

## विद्यार्थियों ने कहा ज्ञान का संगम है उत्सव

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में चल रहे कलमायका उत्सव के बारे में विद्यार्थियों का कहना है कि यह नया सीखने और करने का मंच है। इसमें उन्हें हर बार नई नई जानकारी मिलती है।


कलमायका हर बार बेहतर और बेहतर होता जा रहा है। अब यह केवल वाईएमसीए यूनिवर्सिटी का उत्सव नहीं रहा बल्कि पूरे एनसीआर का उत्सव हो गया है।
– रजत


कलमायका के दौरान सीखने के लिए बहुत कुछ मिलता है। अन्य कॉलेजों के विद्यार्थी भी अपनी तकनीक का प्रदर्शन करते हैं, जिससे नई जानकारी मिलती है।
– अमित श्योराण


यहां कार्यक्रम हमेशा बहुत अच्छा होता है। इसके लिए कई महीने पहले तैयारियां करनी पड़ती हैं। इस बार एप और वेबसाइट लांच करके इसे समृद्ध कर दिया गया है।
– शुभम


इस उत्सव के लिए विद्यार्थियों को सालभर इंतजार रहता है। सभी को अपना टैलेंट दिखाने का मौका मिलता है। यह बेहद ज्ञानवर्धक उत्सव है।
– शिवांगी


मेरा फर्स्ट ईयर है, किंतु कलमायका उत्सव को लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं। इस तरह का उत्सव पहली बार देखने को मिल रहा है।
– रिया


हर साल उत्सव में कुछ न कुछ नया होता है। इस बार पिछले सालों से भी अच्छा उत्सव है। मेरा मानना है कि आने वाले सालों में इसमें और सुधार होगा।
– कुसुम बलवान


उत्सव की तैयारियां काफी पहले शुरू कर दी जाती हैं। इस पूरे कार्यक्रम को आयोजित करने में विद्यार्थी अपना पूरा पसीना बहाते हैं।
– प्रीति


कार्यक्रम का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। यहां सभी को अपना टैलेंट दिखाने के लिए मौका है। पूरी आजादी से हम कार्यक्रमों का हिस्सा बन सकते हैं।
– दिव्या


यूनिवर्सिटी के सभी छात्रों ने इस कार्यक्रम के लिए बहुत मेहनत की है। आज लगा कि मेहनत सफल हो गई। सभी की सराहना मिल रही है।
– नमित


मुझे लगता है कि कार्यक्रम में इस बार पिछले सालों की तुलना में ज्यादा आकर्षण है। इस बार हर चीज नई की गई है। बाहर से भी विद्यार्थी इसमें शामिल होने के लिए आ रहे हैं।
– अभिलक्ष।


कलमायका उत्सव के दौरान सृजन क्लब की ओर से बनाई गई दीवार कलाकृति के आगे पोज देती छात्रा।

उत्सव के दौरान गिटार पर प्रस्तुति देती छात्रा। जागरण




उत्सव के दौरान दिखा सेल्फी का क्रेज। ओमप्रकाश पांचाल

# अनूठा है तकनीकी विद्यार्थियों का रचनात्मक 'सृजन'

## वाईएमसीए में कलमायका की हुई शुरुआत, कलाकृतियों से सजाया है पूरा विश्वविद्यालय परिसर


अंतरंग कला प्रदर्शनी स्थल पर मौजूद सृजन क्लब के सदस्य। जागरण



हॉलीवुड की मशहूर फिल्म थोर के किरदार से हथौड़ा। जागरण

**हरेंद्र नागर, फरीदाबाद**

इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के बारे में आम धारणा है कि वह पेंटिंग, चित्रकारी और कलाकृति बनाने जैसी कलाओं से दूर होते हैं लेकिन वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों की रचनात्मकता देखकर फाइन आर्ट के विद्यार्थी भी दांतों तले उंगली दबा लेंगे। विद्यार्थियों के नौ क्लबों में से एक 'सृजन क्लब' ने पूरे विश्वविद्यालय परिसर को कलमायका उत्सव के लिए दीवार पेंटिंग, चित्रकारी और विभिन्न कलाकृतियों से सजाया है। इस क्लब में 70 विद्यार्थी हैं। उनकी प्रत्येक रचना बोलती प्रतीत होती है। विवि परिसर और सभी स्टेज पर इंडिया-2050 थीम प्रदर्शित की गई है। विभिन्न दीवार चित्रों और कलाकृतियों से दर्शाया है कि 2050 में भारत कैसा होगा।

### आकर्षण का केंद्र बनी कलाकृतियां

**हैमर ऑफ थोर :** हॉलीवुड की मशहूर फिल्म थोर के किरदार से प्रेरित हथौड़ा आकर्षण का केंद्र बन गया है। इसे क्लब के सदस्यों हितेश, सौरभ, आकाश, रजत और ओम ने करीब एक महीने की मेहनत से तैयार किया है। यह लोहे के स्क्रैप से बनाया गया है। यह भारी-भरकम हथौड़ा मॉरवल कॉमिक्स के सुपर हीरो थोर की भी याद दिलाता है, जिसे थोर के सिवा कोई नहीं उठा सकता। वैसे ही इस हथौड़े को भी यहां कोई नहीं उठा सकता।

**अंतरंग कला प्रदर्शनी :** क्लब की ओर से आयोजित अंतरंग कला प्रदर्शनी में इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच की झलक देखने को मिलती है। प्रदर्शनी में चारकोल एवं स्कैच से कलाकृतियां तैयार की गई हैं। इसके अलावा मुगल, मधुबनी तथा अमूर्त चित्रकारी का प्रदर्शन किया गया है। इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से संबंध रखने के बावजूद विद्यार्थियों की कला के प्रति रचनात्मक सोच में कोई कमी नहीं है।

**वेन मेनोर सेक्शन :** क्लब की ओर से तैयार किए गए इस सेक्शन में हॉलीवुड एवं मॉरवल कॉमिक के सुपर हीरोज को जगह दी गई है। इसमें आयरनमैन की प्रतिकृति रखी गई है और अन्य सुपर हीरो के पोस्टर बनाकर लगाए गए हैं। यह जगह सेल्फी पॉइंट के तौर पर पसंद की जा रही है।

**मेटेलिक गिटार :** क्लब ने यह गिटार विशेष तौर पर सेल्फी पॉइंट के तौर पर तैयार किया है। इसे भी लोहे के स्क्रैप से तैयार किया गया है। क्लब के सात सदस्यों ने करीब तीन महीने की मेहनत से इसे बनाया है। इस गिटार के साथ जमकर फोटो खींचे जा रहे हैं।

**दी मिनियंस :** बच्चों के चहेते एनिमेटेड किरदार मिनियंस की प्रतिकृति भी उत्सव में आकर्षण का केंद्र है। इसे भी सृजन क्लब के सदस्यों ने तैयार किया है।


लोहे के स्क्रैप से तैयार किया गया गिटार। जागरण

# रोमांच व तकनीक का संगम है रोबोटिक रेस


वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में रोबोटिक कार रेस में भाग लेते प्रतिभागी।

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में कलमायका उत्सव के दौरान रोबोटिक कार रेस को देखने के लिए विद्यार्थियों की भीड़ जुट गई। यह रेस रोमांच व तकनीक का संगम है। इसमें विभिन्न तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों के बनाए रोबोटिक कार के बीच रेस होती है। इस बार रेस में फरीदाबाद से वाईएमसीए यूनिवर्सिटी, मानव रचना इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रावल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एशलॉन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और कुरुक्षेत्र से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। रेस तीन दिन तक चलती है। पहले दिन विद्यार्थियों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

रोबोटिक रेस के इवेंट प्रभारी अमित श्योराण ने बताया कि इसमें रोबोटिक कारों के लिए एक रूट बना दिया जाता है। सभी विद्यार्थी बारी-बारी से अपने रोबोट को उस रूट पर चलाते हैं। इस दौरान उन्हें मोड़, ऊंचाई, पानी, मिट्टी व पत्थर आदि बाधाओं को पार करना होता है। जो भी रोबोट सबसे कम समय में लक्ष्य तक पहुंचता है वही रेस जीतता है। रेस के दौरान आने वाली बाधाएं इसके रोमांच को बढ़ा देती हैं। उन्होंने बताया कि विजेता की घोषणा अंतिम दिन की जाएगी।


वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में कलमायका उत्सव के दौरान रोबोटिक कार रेस में भाग लेते प्रतिभागी। जागरण

**Amar Ujala (12.03.2016)**

**फरीदाबाद** | नई दिल्ली | शनिवार | 12 मार्च 2016

# छात्रों ने दिखाई रचनात्मकता

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** सेक्टर-6 स्थित वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2016 की शुरुआत हो गई। उत्सव तीन दिनों तक चलेगा।

> वाईएमसीए में वार्षिक तकनीकी व सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन

उत्सव की शुरुआत हवन-यज्ञ से की गई। पहला दिन पूरी तरह से 'सृजन' क्लब की कलाकृतियों के नाम रहा। वाईएमसीए प्रशासन के मुताबिक विश्वविद्यालय को उत्सव के रंग में रंगने के लिए क्लब की टीम दो महीने से मेहनत कर रही थी। इस दौरान वर्ष-2050 की थीम पर आधारित कृतियां बनाई गईं। इसमें मुख्य आकर्षण हॉलीवुड एवं एनीमेटिड फिल्मों के मशहूर किरदार रहे। इनमें आयरमैन, रोबोकोप, मिनियन्स आदि शामिल हैं। सृजन क्लब की ओर से लगाई गई अंतरंग कला प्रदर्शनी में इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच की झलक देखने को मिली। इस प्रदर्शन में लगाई गई कृतियों को चारकोल और स्केच से बनाया गया है। प्रदर्शनी में मुगल, मधुबनी और अमूर्त चित्रकारी का संगम देखने को मिला। पहले दिन के कार्यक्रम में कवि सम्मेलन प्रमुख रहा। प्रसिद्ध कवि मुकेश कुमार सिन्हा व यासीन अनवर मुख्य अतिथि रहे। मुकेश कुमार ने अपनी कविता 'कवि की डायरी' से पंक्तियां सुनाईं। वाईएमसीए के पूर्व छात्र साहिल मनचंदा ने भी अपनी शायरी से कार्यक्रम को रोचक बनाया।



वाईएमसीए विश्वविद्यालय में फेस्ट में भाग लेते विद्यार्थी। अमर उजाला।